एक नजर में

सच्चा सुख और शांति हमारे भीतर ही

इंदौर . हम भूल चुके हैं कि हम वास्तव में कौन हैं . हमारा वास्तविक स्वरूप शांति और आनंद ही है . आज हम पैसे के पीछे भाग रहे हैं . अपना स्टेटस बदलने में लगे हैं . सुख और शांति की तलाश में कस्त्री मृग की तरह भटक रहे हैं . हमें नहीं पता कि सच्चा सुख, शांती और आनंद का स्रोत बाहर नहीं हमारे भीतर अंदर ही है . ये बातें खजराना गणेश मंदिर परिसर स्थित सभाग्रह में योगदा सत्संग सोसाइटी आफ इंडिया द्वारा आयोजित, अध्यात्मिक गौरव ग्रन्थ योगीकथामृत के रचयित श्री श्री परमहंस योगानन्दजी की शिक्षाओं पुर आधारित योग : सुखी एवं सफल जीवन की कुंजी विषय पर अपने व्याख्यान में कही . इस अवसर पर साहित्यिक क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए साहित्यकार डॉ . रवीन्द्र पहलवान एवं डॉ जीडी अग्रवाल को अलंकृत किया गया . अतिथि स्वागत कार्यक्रम केन्द्र संयोजक राजकुमार जैन, अश्विनी तिवारी नेकिया . स्वागत उदबोधन आरबी बांके ने दिया . इस अवसर पर संतश्री सौम्यानंद, सदानंद जी महाराज एवं बड़ी संख्या में साधक उपस्थित थे .

नि :शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन

इंदौर . जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप सीनियर सिटीजन,चोइथराम नेत्रालय संयुक्त तत्वाधान में कोष्ठी समाज धर्मशाला न्यू देवास रोड़ पर नेत्र शिविर लगाया गया . ग्रुप के अध्यक्ष सुरेश देशलहरा और शिविर संयोजक अनोखीलाल जैन ने बताया कि इस शिविर में 210 मरीजों ने लाभ लिया . 22 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चयन किया गया, जिनके आपरेशन निशुल्क होंगे . जरूरतमंद को 130 चश्मे रियायती दरों पर दिए गए . इस शिविर के लाभार्थी बाफना परिवार इंदौर है ग्रुप के समाज सेवी, महेश डाकोलिया, राजेन्द्र भटेवरा, किरण संचेती भवरलाल कासवा, अरविन्द चौधरी, डॉ . जितेन्द्र पारख, सुभाष गोखरू, पारस कटारिया, नरेन्द्र श्रीवश ,भगवानदास, किशनलाल, रविन्द्र श्रीवंश, महेश भोर हरि, नन्दवाल, चम्पालाल, सेवाराम परेला, दिनेश परेला, मिश्रीलाल साहूकार आदि का भरपुर सहयोग रहा .

तनाव-मुक्त कैसे रहें विषय पर व्याख्यान

इंदौर . श्री वैष्णव कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स, इंदौर में महिला अधिकार संरक्षण समिति एवं एनडीएलआई क्लब के सहयोग से इस डिजिटल युग में तनाव-मुक्त कैसे रहें विषय पर विधार्थियों के लिए जागरूकता व्याख्यान आयोजित किया गया . कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ . सुमित खुराना प्रमुख—प्रबंधन संकाय एवं मुख्य वक्ता डॉ . मौली बिस्वास सहायक प्राध्यापक, शिवाजीराव कदम इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट की उपस्थिति रही . कार्यक्रम का शुभारंभ प्रो . विभोर ऐरन के स्वागत भाषण से हुआय इसके बाद डॉ . राकेश उपाध्याय, डॉ . वंदना मिश्र एवं डॉ . मनदीप कौर ने अतिथियों का स्वागत किया . सत्र का संयोजन डॉ . अंजु अग्रवाल द्वारा किया गया तथा संचालन कु . खुशी राठौर ने किया . मुख्य वक्ता डॉ . मौली बिस्वास ने डिजिटल युग में बढ़ते तनाव- लगातार आने वाली सूचनाएँ, हर समय अपडेट रहने का दबाव, और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर निर्भरता—पर प्रकाश डाला . उन्होंने डिजिटल तनाव प्रबंधन के विभिन्न उपायों पर चर्चा की . विशिष्ट अतिथि डॉ . सुमीत खुराना ने विद्यार्थियों को तनाव कम करने और सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने हेतु एक रोचक एवं प्रेरणादायक कहानी सुनाई, जिसने छात्रों पर गहरा प्रभाव छोड़ा . छात्रा हंसीका पहलजानी ने आभार माना . कार्यक्रम के समापन पर प्रबंधन वर्ग एवं प्राचार्य डॉ . परितोष अवस्थी ने शुभकामनाएं दी .

इंदौर जिला फुटबॉल संघ की कमान 5 सदस्यीय एडहॉक कमेटी को

महू . मप्र फुटबॉल एसोसिएशन द्वारा इंदौर जिला फुटबॉल संघ की नई 5 सदस्यीय एडहॉक कमेटी का गठन किया गया है . इसमें चेयरमैन जगदीशचंद्र खोड़े (महू), कन्वीनर अशोक कुमार पिल्ले (महू) तथा सदस्यों में सुरेश डामोर (महू), शरद सिलावट (इंदौर) और राकेश सिरसिया (इंदौर) को नियुक्त किया गया है . इसी क्रम में रविवार को मप्र फुटबॉल एसोसिएशन के निर्देशन में जिले के सभी पंजीकृत फुटबॉल क्लबों के पदाधिकारियों और रेफरी की बैठक स्थानीय मारवाड़ी धर्मशाला, महू में आयोजित की गई . सभी क्लबों ने एडहॉक कमेटी को पूर्ण समर्थन देते हुए आगामी प्रतियोगिताओं की तैयारी पर सहमति व्यक्त की . इस वर्ष जिला चैंपियन फुटबॉल प्रतियोगिता को लीग फॉर्मेट में परिवर्तित कर शीघ्र ही महू शहर में प्रारंभ किया जाएगा . नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत अमित शुक्ला, नीरज शर्मा, प्रवीण कांबले, अशोक डागर, नितिन संकत, मो . रफीक खान, अनुराग लाहौरे, वाजिद खान, कमल पवार, अजय यादव, मनोज मोरने, संदीप जयसवाल, रमीज राजा, अविनाश यादव, आकाश पिल्ले, मनोज शर्मा, मो .शाहरुख, गौरव खराड़ी, मो . शादाब, अमित परदेशी, नितिन नाहर, शुभम स्वामी, विशाल स्वामी, अरबाज खान आदि सदस्यों द्वारा किया गया .

बिजली समस्या निदान के लिए भाजपा मंडल अध्यक्ष ने किया दौरा

महू . भाजपा सबका साथ, सबका विकास, सबके विश्वास को लेकर प्रदेश एवं राष्ट्र में कार्य कर रही है . ग्रामीण अंचल में कृषि कार्य के लिए विद्युत समस्या के निराकरण के लिए पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक उषा ठाकुर के नेतृत्व में भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश यादव लगातार ग्रामीण अंचलों में सक्रियता के साथ कार्य कर रहे हैं . पहाड़ी अंचल के ग्राम रासनियामाल में कृषि कार्य के लिए विद्युत सप्लाई की समस्या के निदान के लिए भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश यादव ने ग्रामीणों के साथ मौके पर जाकर अधिकारियों के साथ एस्टीमेट बनवाकर शीघ्र ही समस्या की निराकरण किया जाएगा .

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने टेम का अनावरण किया

इंदौर . टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने टेम (टोयोटा एक्सपेरिएंशल म्यूजियम) का अनावरण किया है, जो टोयोटा द्वारा पहली बार बनाया गया एक अनोखा लाइफस्टाइल और सांस्कृतिक केंद्र है . यह माइंडफुल लिविंग के भारतीय दर्शन और जापानी संस्कृति को आधुनिक टेक्नोलॉजी के साथ एक स्थान पर लाता है . फीनिक्स मॉल ऑफ एशिया में स्थित, टेम इस विश्वास को दर्शाता है कि मोबिलिटी और इनोवेशन का दायरा गाड़ियों से कहीं आगे है . लॉन्च के मौके पर मौजूद टादाशी असाजुमा, डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने कहा, टोयोटा में, हमारा विज़न 'हैप्पियर पाथ्स टुगेदर' बनाने का है, जो केवल मोबिलिटी तक सीमित नहीं है- यह लोगों, संस्कृतियों और भावनाओं को जोड़ने वाले सार्थक और प्रेरणादायक अनुभवों से आगे बढ़ता है . टेम के माध्यम से, हम इसी भावना को मूर्त रूप देने वाला एक अनूठा अनुभव प्रदान करने की आशा करते हैं . भारत में हमें 'साधना'- आंतरिक संतुलन और पूर्णता की माइंडफुल खोज- की परंपरा से प्रेरणा मिली .

फिटनेस और स्वास्थ्य के लिए दौड़े शहरवासी

'रन इंदौर-वन इंदौर' में हजारों लोगों ने लिया भाग

नव भारत न्यूज

इंदौर. फिटनेस और स्वास्थ्य जागरूकता के संदेश को लेकर आज सुबह शहर के हजारों नागरिकों ने रन इंदौर-वन इंदौर विथ मेयर में भाग लिया. 10 हजार से अधिक लोगों ने 3, 5 और 7 किलोमीटर की अलग-अलग श्रेणियों में दौड़ लगाकर फिट इंदौर का परिचय दिया. दिव्यांग धावकों की सहभागिता विशेष आकर्षण का केंद्र बनी, जिन्होंने अपने हौसले से सभी को प्रेरित किया.

आज सुबह 7 बजे दशहरा मैदान पर रन इंदौर वन इंदौर विथ मेयर मैराथन दौड़ का आयोजन हुआ. आयोजन में दौड़ शुरू होने के पहले वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत गाकर की गई. इस दौरान स्वच्छता एवं स्वास्थ्य की शपथ भी दिलाई गई. इसके बाद अतिथियों द्वारा मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया. करीब ढाई घंटे मैराथन में हजारों लोगों ने भाग लिया और वापस दशहरा मैदान पर आकर रुके. इस दौरान मुख्यमंत्री ने आयोजन स्थल पर ऑनलाइन जुड़कर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए बधाई दी.

दिव्यांगजनों के लिए विशेष दौड़ महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने मैराथन दौड़ प्रेणादायक बनाने में दिव्यांग धावकों के लिए विशेष व्यवस्था कर अलग ट्रेक बनवाया. महापौर ने कहा कि इंदौर स्वास्थ्य और सहभागिता दोनों में अग्रणी है.

जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों की सक्रिय उपस्थिति- इंदौर मैराथन दौड़ में कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, तुलसीराम सिलावट, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, भाजपा विधायक रमेश मेंदोला, विधायक मधु वर्मा, पद्मश्री सतेंद्र लोहिया, टीनू जैन, अध्यक्ष सुमित मिश्रा,आयोजक मोहित यादव, एमआईसी सदस्य अश्विनी शुक्ला, अभिषेक शर्मा बबलू, कमल वाघेला, पार्षद योगेश गेंदर, पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह, कलेक्टर शिवम वर्मा, निगम आयुक्त दिलीप यादव, ट्रैफिक एसीपी आर. के. सिंह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में शहर की जनता ने भाग लिया.

अलग-अलग दौड़ के विजेता -7 किलोमीटर लंबी दौड़ में विशाल कौशल प्रथम,महेश साखले दूसरे और मंजीत राय तीसरे स्थान पर रहे. इसी तरह 5 किलोमीटर दौड़ में शानू राठौर प्रथम, उत्सव पाटीदार दूसरे, हरदीप पीपमलेकर तीसरे स्थान रहे. साथ ही दिव्यांग दौड़ में मयूर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया.

इंदौर हर क्षेत्र में अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करता है : सीएम

रन इंदौर वन इंदौर' मैराथन में मुख्यमंत्री डॉ . मोहन यादव ने ऑनलाइन जुड़कर कहा कि इंदौर ने स्वच्छता की तरह अब फिटनेस में भी नई पहचान बनाई है . उन्होंने कहा कि महापौर के नेतृत्व में आज इंदौर के नागरिक स्वास्थ्य के लिए दौड़ रहे हैं . प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में देश का गौरव बढ़ रहा है और यह सामूहिक चेतना का अद्भुत उदाहरण है . फिटनेस का मूल आधार दौड़ है और इंदौर एक बार फिर देश के सामने नज़ीर पेश कर रहा है .

इंदौर हर क्षेत्र में नंबर वन : विजयवर्गीय

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मैराथन दौड़ को लेकर शहरवासियों उत्साह की सराहना की. उन्होंने कहा कि इंदौर न सिर्फ स्वच्छता, बल्कि हर क्षेत्र में देश-दुनिया में अग्रणी बन रहा है. उन्होंने दौड़ में शामिल जनता के जज्बे को सलाम किया. आज स्वच्छ शहर, इंदौर की जनता के सहयोग से ही नंबर वन है.

बड़ी संख्या में हिस्सा लिया : महापौर

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि शहर की जागरूक जनता के सहयोग से इंदौर स्वच्छता में सिरमौर है . आज इंदौर के पश्चिमी क्षेत्र में मैराथन का आयोजन किया गया जिसमें 20 हजार से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीयन किया और बड़ी संख्या में प्रतिभागी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया .

इंदौर आकर्षित करता है : सिलावट

जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि इंदौर स्वच्छता में नंबर वन शहर होने के साथ अलग-अलग नवाचारों से आकर्षित करता है . मैराथन दौड़ रन विथ मेयर में आज प्रतिभागियों के जोश को देखकर लगता है कि इंदौर जो होता है वह अद्भुत होता है .

महाराष्ट्र में हिंदी बोलना अपराध है क्या?

कब तक पिटेंगे व मरेंगे हिंदी भाषी : रघु ठाकुर

नव भारत न्यूज

इंदौर. मुंबई के थाने में कल एक छात्र अर्णव को हिंदी में बात करने पर कुछ लोगों ने बहुत बुरी तरीके से मारा. इससे दुखी होकर उसने घर जाकर आत्महत्या कर ली. हिंदी भाषियों के साथ मारपीट एवं भेदभाव का व्यवहार हो रहा है.

यह बात समाजवादी नेता और विचारक रघु ठाकुर ने कही है. लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के नेता रघु ठाकुर ने कहा कि महाराष्ट्र में हिंदी भाषियों के साथ लगातार घटनाएं घट रही है. यह शर्मनाक है कि भारत एवं महाराष्ट्र सरकार ऐसे तत्वों को रोकने और कार्रवाई के बजाय अप्रत्यक्ष तरीके से प्रोत्साहित कर रही है. ठाकुर ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री से मांग की है कि जिन लोगों ने अर्णव के साथ मारपीट की है. उनके खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून और आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मुकदमा दर्ज करें. उन्होंने कहा कि यह कितना दुखद है कि अपनी मातृ भाषा में बात करना अपराध हो गया है. यह भी दुख की बात है कि महाराष्ट्र में भाजपा की सरकार है. साथ ही नागपुर में संघ का मुख्यालय है, जो हिंदी हिन्दू हिंदुस्तान की बात कहता है. वह अपने ही राज्य में हिंदी भाषियों को हिंदी बोलने पर पीटते हुए एवं मरते हुए देख रहे है. मैं किसी भी व्यक्ति को किसी भाषा के बोलने के लिए बाध्य करने के पक्ष नहीं हूं, परंतु मैं चाहता हूं की भाषा की भी स्वतंत्रता होनी चाहिए. जो व्यक्ति जिस भी भारतीय भाषा में बोलना चाहता है, उसे यह अधिकार हो. ऐसी घटनाओं पर रोक लगाई जाना चाहिए.

चुनाव आयोग बेईमानी पर उतरा हुआ है : दिग्विजय

पत्र लिखने वाले 272 भाजपा, आरएसएस से जुड़े हुए

नव भारत न्यूज

इंदौर. चुनाव आयोग बेईमानी पर उतरा हुआ है. विशेष गहन पुनरीक्षण के द्वारा वोट छीने जा रहे है, कल आपकी नागरिकता भी छीन ली जाएगी. देश में लोकतंत्र और संविधान बचाना है तो युवाओं और छात्रों को अपने भविष्य के लिए जेन जी अपनाना होगा.

यह बात आज पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने मीडिया से कही. पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह आज शहर में शादी समारोह में भाग लेने आए थे. आपने कहा कि नरेंद्र मोदी ने चुनाव आयोग को बचाने के लिए 272 रिटायर्ड जज , रिटायर्ड आईएएस, रिटायर्ड आईपीएस से पत्र लिखवाया है, जो भाजपा और आरएसएस के सदस्य है. उक्त लोग भ्रष्टाचार में लिप्त हैं और उनसे करोड़ों रुपए जब्त हुए हैं.

इस देश में लोकतंत्र और संविधान बचाने का समय आ गया है. कांग्रेस पार्टी हाईकमान ने हमको निर्देश दिए है कि आगामी 26 नवंबर को हर शहर व गांव में संविधान बचाने के लिए युवाओं और जनता से मिलकर बात करे और सभा करे कि मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण गलत है. इससे आपका वोट छीना जा रहा है. आज आपका वोट छीनेंगे और कल आपकी नागरिकता भी छीन ली जाएगी.

...तो लोकतंत्र नहीं बचेगा

दिग्विजय ने कहा कि देश के युवाओं और छात्रों को अपने भविष्य के लिए जेन जी को अपनाना आवश्यक हो गया है. उन्होंने कहा कि मैं तो जेन ए हूं,इसके आगे का उनसे पूछो. उन्होंने आगाह करते हुए कहा कि यदि भाजपा के अनुसार वोटर लिस्ट बन गई, तो लोकतंत्र नहीं बचेगा.

समाज के विकास और देश सेवा का नशा करें : विजयवर्गीय

- नशा मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ
- 254 विजयी योद्धाओं का सम्मान

इंदौर. प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के मेडिकल प्रभाग द्वारा सारे भारत में चलाए जा रहे नशा मुक्त भारत अभियान का इंदौर जोन में शुभारंभ कार्यक्रम न्यू पलासिया स्थित ज्ञानशिखर में आयोजित हुआ, जिसमें राजयोग मेडिटेशन के अभ्यास से स्थाई रूप से नशा मुक्त होने वाले 254 विजयी योद्धाओं का समारोह में सम्मान किया गया.

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद मप्र के नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने नशा छोड़ चुके विजयी योद्धाओं को संबोधित करते हुए कहा कि दुर्व्यसनों के नशे के बदले समाज के विकास और देश सेवा का नशा करें. जो युद्ध में जीतते हैं, वह वीर कहलाते हैं, पर जो स्वयं को जीतते हैं, वह महावीर कहलाते हैं. वह महावीर आप सब हैं, क्योंकि स्वयं को जीतना सबसे मुश्किल कार्य है. ब्रह्माकुमारी संस्था के देश हित के कार्यों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि संस्थान का जन-जन को नशा मुक्त करने का कार्य देश पर बहुत बड़ा उपकार है, क्योंकि एक व्यक्ति नशा मुक्त होता है तो उसका पूरा परिवार, समाज तथा हजारों लोगों के जीवन में उसका प्रभाव पड़ता है. इस अवसर पर माउंट आबू से आए ब्रह्माकुमारीज के मेडिकल विंग के सेक्रेटरी तथा नशा मुक्त भारत अभियान के प्रणेता डॉ. बनारसी लाल शाह ने अभियान का उद्देश्य बताते हुए कहा कि राजयोग मेडिटेशन के निरंतर अभ्यास से नशे की लत से ग्रस्त लोगों को नशा मुक्त बनने में मदद मिलती है. इस अभियान के अंतर्गत 36 नशा मुक्ति रथों द्वारा पूरे भारतवर्ष में गांव-गांव, शहर-शहर के स्कूल, कॉलेज एवं अनेक सामाजिक संस्थाओं में कार्यक्रम कर नशा मुक्त होने का संदेश दे रहे हैं.

सकारात्मक माहौल बनाने की जरूरत

इंदौर जोन की क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी ने कहा कि आप विजयी योद्धाओं ने जीवन में आध्यात्मिकता को अपनाकर वह सराहनीय कार्य किया है, जिससे सिद्ध हो गया कि दृढ़ संकल्प द्वारा स्वयं के मनोबल को बढ़ाकर किसी भी तरह के नशे से सहज ही छुटकारा पाया जा सकता है . एमजीएम मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ . अरविंद घनघोरिया ने कहा कि आज के सोशल मीडिया के युग में चारों ओर नकारात्मकता बढ़ रही है, इस कारण लोगों में नशे की लत को बढ़ावा मिल रहा है . इसे कंट्रोल करने के लिए समाज में सकारात्मक माहौल बनाने की जरूरत है . समारोह में उपस्थित 254 विजयी योद्धाओं को मेडल, शॉल, सर्टिफिकेट तथा ईश्वरीय सौगात देकर ताज एवं बैच पहनाकर सम्मान किया गया . मेडिकल विंग की जोनल कोऑर्डिनेटर ब्रह्माकुमारी उषा बहन ने आभार माना . संचालन फिजिशियन डॉ . शिल्पा देसाई ने किया .

नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर पीड़ित मानवता की सच्ची सेवा

इंदौर. काज़ी हाउस, देपालपुर काज़ी मोहल्ला में अरबिंदो हॉस्पिटल के सहयोग से नि:शुल्क मेडिकल हेल्थ कैंप का आयोजन तहसील विधिक सेवा समिति देपालपुर के अध्यक्ष व जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान के मुख्य आतिथ्य एवं शहर क़ाज़ी जनाब अब्दुल माजिद फ़ारूकी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ.

स्वास्थ्य शिविर को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान ने कहा कि नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर मानवता की सच्ची सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व का सर्वोत्तम उदाहरण हैं. इस स्वास्थ्य शिविर में अरबिंदो हॉस्पिटल की विशेषज्ञ चिकित्सक टीम डॉ.कार्तिक तोमर मेडिसिन, डॉ. शेफाली नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ. शीतल स्त्री रोग विशेषज्ञ ने विभिन्न रोगों का परीक्षण कर परामर्श दिया. हेल्थ कैंप में करीब 100 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया और उन्हें सभी सेवाएँ पूर्णत: नि:शुल्क उपलब्ध कराई गईं. कार्यक्रम में डा. अब्दुल मन्नान, पार्षद रवि चौरसिया, सोमिल मेहता,मोहम्मद फारूख, अफज़ल फ़ारूकी, गुलरेज़ फ़ारूकी, अवैज़, अकमल, डा. राशिद अली, फ़रहान अली, शाहिद फ़ारूकी, एडमिन कृष्णकांत यादव, पी.आर.ओ. रोहित सिंह, ललित चौधरी, अरुण पाण्डेय, राहुल शर्मा मंगला सचिन सहित नगर के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे. कैंप में चिन्हित ज़रूरतमंद मरीजों के लिए मोतियाबिंद के ऑपरेशन आयुष्मान भारत योजना के तहत अरबिंदो हॉस्पिटल, में नि:शुल्क कराए जाएंगे.

कायस्थ समाज द्वारा जरूरतमंद बस्ती में गर्म कपड़े वितरित

इंदौर. चित्रांश कायस्थ समाज वेलफेयर सोसाइटी इंदौर, द्वारा बापू गांधी नगर बस्ती में सर्दी के मौसम की शुरुआत में सेवा गतिविधि संपन्न कराई गई. कार्यक्रम संस्था के महिला प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित किया गया था.

महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष सीमा श्रीवास्तव ने बताया कि इस अवसर पर बस्ती की महिलाओं को कपड़े, स्वेटर, कंबल, चादरे, साड़ी, पैंट शर्ट ,बच्चों के कपड़े ,आदि जरूरतमंदों को वितरित किए गए. इस अवसर पर संस्था की संरक्षिका वीना सक्सेना, अध्यक्ष प्रदीप भटनागर, सचिव विवेक भटनागर, महिला सचिव नीलम श्रीवास्तव, सत्या श्रीवास्तव,उमेश श्रीवास्तव, सुरेश सक्सेना, वंदना श्रीवास्तव, सुनीता भटनागर, कामना श्रीवास्तव, उषा श्रीवास्तव के साथ संस्था के अनेक सदस्य उपस्थित थे. कार्यक्रम की संयोजिका थी डॉ आराधना सहाय और सुनीता सक्सेना.

एक नजर में — सानंद न्यास के मंच पर मराठी संगीत नाटक 'हे बंध रेशमा चे' का सफल मंचन

हे बंध रेशमाचे : संगीत, संवेदना और दोस्ती का अद्भुत सेतु

इंदौर. सानंद न्यास के फुलोरा उपक्रम के तहत रविवार शाम यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम में मराठी संगीत नाटक हे बंध रेशमा चे का सफल मंचन किया गया. मराठी रंगभूमि की परंपरा में हे बंध रेशमाचे ऐसा नाटक है, जो केवल कला का प्रदर्शन नहीं, बल्कि मानवीय रिश्तों की गहराई को मंच पर जीवंत कर देने वाली एक अनूठी संगीतमय यात्रा है.

सिद्धहस्त साहित्यकार रणजित देसाई द्वारा लिखित और 1972 में पहली बार रंगमंच पर प्रस्तुत यह नाटक आज भी उसी भावनात्मक प्रभाव के साथ दर्शकों के हृदय को स्पर्श करता है. नाटक की आत्मा है—संगीत. वरिष्ठ कवयित्री शांता शेळके के हृदयस्पर्शी गीत और महान संगीतकार पंडित जितेंद्र अभिषेकी का बहुआयामी संगीत नाटक को एक अद्वितीय ऊंचाई देता है. अभिषेकी ने बंदिश, ठुमरी, भजन, ग़ज़ल, उपशास्त्रीय धुनों से लेकर महाराष्ट्र की पहचान लावणी तक—सभी का अत्यंत प्रभावी संयोजन कर कथा को गहराई दी है. नाटक की कहानी दो निकटतम, संगीत-प्रेमी मित्रों की है, जिनका रिश्ता धर्म की सीमाओं से परे जाता है. लेकिन भारत-पाकिस्तान विभाजन का दौर इस रिश्ते पर गहरी चोट करता है. एक मित्र भारत लौट आता है और एक गलतफहमी दोनों के बीच वर्षों का सन्नाटा तैयार कर देती है. बीस वर्षों बाद वही संगीत उनकी दूरी को मिटाता है और रिश्तों की गर्माहट को पुन: स्थापित करता है. निर्देशक रविंद्र खरे ने इस भावनात्मक कथा को जिस संयम और सुंदरता से मंच पर उतारा है, वह नाटक की शक्ति को कई गुना बढ़ा देता है. कलाकारों ने अपने अभिनय से दो मित्रों की मन:स्थिति, विभाजन का दर्द, और पुनर्मिलन की सुगंध—तीनों को अत्यंत संवेदनशील रूप में अभिव्यक्त किया है। संवादों में मौजूद मार्मिकता और गीतों में रची-बसी भावनाएं दर्शकों को कथा का भाग बना देती हैं.

महसूस करने का अनुभव

हे बंध रेशमाचे केवल देखने भर का नाटक नहीं, बल्कि महसूस करने का अनुभव है . यह दो मित्रों की कहानी है, लेकिन वास्तव में यह विभाजन के जख्म, संगीत की उपचार शक्ति और संबंधों की अमरता- इन सभी का सामूहिक स्मारक है . मराठी रंगभूमि की परंपरा और आधुनिक संवेदनाओं का यह संगम दर्शकों के मन पर गहरी छाप छोड़ता है . नाटक समाप्त होने के बाद भी उसके गीत, संवाद और भावनाएं देर तक मन में गूंजती रहती हैं . कार्यक्रम का शुभारंभ सौ . ऐश्वर्या अत्रे ने दीप प्रज्वलित कर किया . कलाकार एवं अतिथियों का स्वागत जयंत भिसे एवं संजीव वावीकर ने किया . आभार जयंत भिसे ने माना . संचालन सानंद मित्र श्रेया देशमुख एवं भूमिका फलटनकर ने किया .